लोक सभा अध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 14 अगस्त, 2018: स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर, लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने अपने शुभकामना संदेश में कहाः

"स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर मैं देशवासियों विशेषरूप से देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों और देश का भविष्य बनाने वाले युवाओं को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं । इस अवसर पर हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिए गए बलिदान को सम्मान के साथ याद रखना चाहिए और उनको नमन करना चाहिए । इसके साथ-साथ हमें इस अवसर की महत्ता को भलीभांति समझना होगा । आज ही के दिन 1947 में हमारे देशवासियों के हृदय में आशाओं और उम्मीदों की एक नई भावना ने जन्म लिया था । अपने देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमने देश में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण प्रगति की है । राष्ट्र निर्माण के गुरुतर दायित्व के निर्वहन हेतु यह दिन हमारे देशवासियों के जीवन में और अधिक खुशी, प्रगति, खुशहाली और नई उमंग लेकर आए । मैं एक बार फिर अपने देश के भाईयों और बहनों से प्रगतिशील समाज के आदर्श को चरितार्थ करने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करने का आहवान करती हूँ। "